वर्ष 28 अंक 262
पृष्ठ 24+4=28
बरेली, शनिवार
3 जून 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

PAGE NO. 09 : LEFT TOP

फाइनल में पहुंची एसआरएमएस व आगरा की टीम

जासं, बरेली : एसआरएमएस में चल रहे अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में मेजबान एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने लखनऊ को 82 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जबकि दूसरे सेमीफाइनल मैच में आगरा ने मुरादाबाद को पराजित कर फाइनल में जगह बना ली है। पहले सेमीफाइनल मैच में बल्लेबाजी करते हुए मेजबान एसआरएमएस ने 30 ओवर में 192 रन बनाए। मनीष ने 70 और शिवम ने 25 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम प्रथम और अर्पित की घातक गेंदबाजी के सामने 110 रन पर ही ढेर हो गई। दूसरे मैच में आगरा ने मुरादाबाद के खिलाफ रोमांचक मैच खेला। आगरा के शिवांग बंसल के शतक की बदौलत टीम ने 212 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में मुरादाबाद की टीम महज 52 रन बनाकर आल आउट हो गई। आगरा की ओर से सचिन-विकास ने चार-चार और पीयूष ने दो विकेट लिए। अकादमी के कोच मनीष सिंह ने कहा कि शनिवार को फाइनल मैच खेला जाएगा।